Title: Need to take necessary steps to make Thermal Power Station Plant ""A""

At Bokaro in Bihar viable.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, बोकारो थर्मल पावर स्टेशन के 'ए' प्लांट को बंद हुये करीब सात माह हो गये और इससे प्लांट को करीब 25 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया है। इसके बंद होने का कारण है प्रदूाण नियमों की अवहेलना। प्रदूाण विभाग ने प्लांट को बंद करने के पूर्व ही प्रदूाक नियंत्रण मशीन लगाने का निर्देश दिया था, परन्तु प्रबंधन और दामोदर घाटी निगम अधिकारियो के मध्य सहमति नहीं बनने के कारण प्रदूाक नियंत्रण मशीन नहीं लगा, परिणामतः करीब 600 मजदूर प्रभावित हैं।

इसी प्रकार बोकारो थर्मल पावर स्टेशन के 'वी' संयंत्र में राख के टैंक में दरार आ जाने के कारण भारी क्षति हुई और आर्थिक अपव्यय हुआ, परन्तु मामले को नजर अंदाज कर दिया गया।

अतः सरकार से हमारी मांग है कि उपर्युक्त वाियों की जांच कर दोाी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर प्लांट को शीघ्र खुलवाने की व्यवस्था की जाये।